एफएचआरएआई ने की छात्रवृत्ति की घोषणा

नई दिल्ली (एसएनबी)। फेडरेशन आफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन आफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने हास्पिटैलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन में तीन वर्षीय कोर्स कर रहे इच्छुक छात्रों के लिए अपने एफएचआरएआई इंस्टीट्यूट आफ़ हास्पिटैलिटी मैनेजमेंट, ग्रेटर नोएडा में एक छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है।

यह योजना एफएचआरएआई क्षेत्रीय होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन आफ नार्थ इंडिया के साथ मिलकर चलाएगा। एचआरएएनआई के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा, एफएचआरएआई और इसके क्षेत्रीय संघों के सदस्य प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों के बच्चों द्वारा छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाया जा सकता है।